सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
https://www.facebook.com/sabgurunews/
https://www.sabguru.com/
https://www.youtube.com/channel/UCCsLl90UP-prqTinNwqLIX7g/
English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-understanding-the-feel-good-hormone/

SABGURU NEWS

RNI TITLE CODE NO. RAJBIL27046

ख़बरों के लिए स्कैन करें

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

वर्ष 1 | अंक 12 | अजमेर, रविवार 10 दिसम्बर 2023 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4

## सम्पादकीय

## बेहिसाब नकदी की बरामदगी ने कांग्रेस और कैश को पर्यायवाची शब्द बना दिया है

कांग्रेस के नेताओं ने चौकीदार चोर है का नारा लगाया लेकिन यह नारा नहीं चलाए कांग्रेस के नेताओं ने उद्योगपति गौतम अडाणी पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरना चाहा और मोदानी नाम से अभियान चलाया लेकिन इस अभियान की हवा निकल गयी।

जानते हैं क्यों क्योंकि जनता जानती है कि कलियुग में उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत ही चरितार्थ होती है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के परिसरों से नकदी के जो बंडल पर बंडल निकल रहे हैं वह इस बात की जरूरत पर भी बल दे रहे हैं कि चोर की दाढ़ी में तिनका वाली कहावत को बदला जाये क्योंकि चोर अब डकैत बन चुके हैं और तिनका अब बड़ी.बड़ी तिजोरियों का रूप ले चुका है।

झारखंड के कांग्रेस सांसद के यहां से बरामद हो रही नकदी सिर्फ टैक्स की चोरी नहीं हैए यह सिर्फ गरीबों के हक का पैसा नहीं है यह मध्यमवर्गीय परिवारों के हक पर भी कुठाराघात है जो समय पर सारी ईएमआईए कर और अन्य प्रकार के भुगतान करते हैं और बजट में जरा.सी राहत पाने का इंतजार करते रहते हैं।

देखा जाये तो मोदी सरकार जब भ्रष्टाचारियों के खिलाफ ईडी की छापेमारी करवाती है तो घमंडिया गठबंधन के सारे नेता एकत्रित हो जाते हैं और आरोप लगाते हैं कि लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। यही नहींए ईडी के समन को तवज्जो नहीं देते हुए नेता चुनावी रैलियों के लिए निकल जाते हैं और कहते हैं कि मोदी सरकार हम पर अत्याचार कर रही है और हम ऐसे समन से डरने वाले नहीं हैं। लेकिन वक्त आ गया है कि भ्रष्ट राजनीतिज्ञों के मन में कानून का डर पैदा किया जाये। सवाल उठता है कि यह लूट और डकैती नहीं तो क्या है कि राजनीतिज्ञों के घर से सामान्य बैंक ब्रांचों से ज्यादा कैश बरामद हो रहा हैए राजनीतिज्ञों के घर से सुनार की दुकान से 'यादा सोना बरामद हो रहा है और राजनीतिज्ञों के घर से बिल्डरों की भांति जमीन.जायदाद के तमाम कागजात बरामद हो रहे हैंघ् यह सब देखकर आम आदमी के दिल से यही निकल रहा है कि देश को लूटने वालों से पाई.पाई वसूलनी ही चाहिए।

वैसेए झारखंड में ऐसा नहीं है कि पहली बार किसी कांग्रेसी नेता के यहां से नकदी बरामद की गयी है। इससे पहले कांग्रेस के कुछ विधायक बड़ी मात्रा में नकदी के साथ पकड़े गये थे तब दिखाने के लिए कांग्रेस ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया था लेकिन जल्द ही पार्टी में उनकी बहाली भी हो गयी थी। अब झारखंड में कांग्रेस सांसद के यहां से बरामद नकदी दर्शा रही है कि कांग्रेस और कैश पर्यायवाची शब्द होते जा रहे हैं। बात सिर्फ झारखंड की भी नहीं है। अभी हाल ही में छत्तीसगढ़ में महादेव एप मामले के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को 500 करोड़ रुपए से ज्यादा नकद देने की बात भी सामने आई थी। सवाल उठता है कि जब राज्यों में कांग्रेस इतने बड़े घोटालों के आरोपों के घेरे में आती है तो जरा कल्पना कीजिये कि केंद्र में उसके सत्ता में रहने के दौरान घोटालों की राशि का दायरा क्या रहता रहा होगा। बहरहाल देखा जाये तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सही ही कहा है कि देशवासी इन नोटों के ढेर को देखें और फिर इनके नेताओं के ईमानदारी के भाषणों को सुनें।

आज कांग्रेस को शर्मसार होने की जरूरत है और अपने भ्रष्ट नेताओं को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाने की जरूरत है। कांग्रेस के नेता दूसरों के लिए श्पे सीएमश् या चालीस प्रतिशत कमीशन वाली सरकार या मोदानी जैसे अभियान चलाते हैं। इसलिए पार्टी को यह बताना चाहिए कि झारखंड में कांग्रेस सांसद से संबद्ध ठिकाने से जो नकदी बरामद हुई है उसको देखते हुए कांग्रेस के खिलाफ जनता को कैसा अभियान चलाना चाहिए या कांग्रेस को किस नये नाम से पुकारना चाहिए।

# राजस्थान में आजादी के बाद छठी गैर कांग्रेसी सरकार बनेगी

जयपुर। राजस्थान में 16वीं विधानसभा के चुनाव में 115 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत हासिल करने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार का शीघ्र ही गठन होने वाला है और यह प्रदेश में आजादी के बाद छठी गैर कांग्रेसी सरकार होगी। भाजपा ने राजस्थान में भाजपा विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्य सभा सांसद सरोज पांडेय और पार्टी महासचिव विनोद तावड़े को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है और वे भाजपा विधायक दल की बैठक में नेता का चुनाव कराएंगे और इसके बाद उस नेता के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी जो प्रदेश में अब तक हुए सोलह विधानसभा चुनावों में छठी गैर कांग्रेसी सरकार होगी जबकि आजादी के बाद अब तक दस बार कांग्रेस की सरकार रही है। हाल में हुए 16वीं विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 69 सीटें ही जीत पाई हैं। राजस्थान में आपातकाल के बाद वर्ष 1977 में हुए छठीं विधानसभा के चुनाव में पहली बार भारी बहुमत 150 सीट के साथ जनता पार्टी की भैंरो सिंह शेखावत के नेतृत्व में पहली गैर कांग्रेसी सरकार बनी। उस समय कांग्रेस केवल 41 सीट ही जीत पाई ।इसके बाद वर्ष 1990 में नौवीं




विधानसभा के लिए हुए चुनाव में भाजपा ने जनता दल के साथ गठबंधन के साथ श्री शेखावत के नेतृत्व में दूसरी बार गैर कांग्रेसी सरकार बनी। नौवीं विधानसभा के लिए हुए चुनाव में भाजपा ने 85 सीटें जीती जबकि उसके सहयोगी दल जनता दल ने 55 सीटें जीतकर दूसरे और 50 सीट जीतकर कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही ।इसके बाद वर्ष 1993 में दसवीं विधानसभा के चुनाव में भाजपा ने 96 सीटें जीती और निर्दलीयों के सहयोग से भाजपा के शेखावत ने प्रदेश में तीसरी बार गैर कांग्रेसी सरकार बनाई और उन्होंने राज्य में तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त किया। इस चुनाव में कांग्रेस ने 76 सीटें हासिल की जबकि 21 निर्दलीय प्रत्याशियों ने चुनाव जीता।

इसके बाद वर्ष 2003 में 12वीं विधानसभा के लिए हुए चुनाव में भाजपा ने 120 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया और वसुंधरा राजे के नेतृत्व में प्रदेश में चौथी गैर कांग्रेसी सरकार बनी और राजे पहली बार एवं राज्य की पहली महिला मुख्यमंत्री बनी। इस चुनाव में कांग्रेस 56 सीटों पर ही जीत हासिल कर सकी। वर्ष 2013 में 14वीं विधानसभा के चुनाव में भाजपा को 163 सीटों के साथ प्रचंड बहुमत मिला और वसुंधरा राजे को दूसरी बार प्रदेश की मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त हुआ। यह राज्य में पांचवीं गैर कांग्रेसी सरकार थी। इस चुनाव में कांग्रेस अब तक की अपनी सबसे कम 21 सीटों पर ही सिमट गई।

आजादी के बाद वर्ष 1952 में पहली विधानसभा चुनाव से लेकर वर्ष 1972 में हुए पांचवीं विधानसभा चुनाव तक लगातार पांच बार कांग्रेस की सरकार बनी। इसके बाद वर्ष 1980 में सातवीं एवं वर्ष 1985 में आठवीं विधानसभा चुनाव में लगातार दो बार फिर कांग्रेस की सरकार रही। इसके बाद वर्ष 1998 के ग्यारहवीं विधानसभा एवं वर्ष 2008 में 13वीं विधानसभा और वर्ष 2018 में 15वीं विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस की सरकार रही और इस दौरान तीन बार अशोक गहलोत प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। हालांकि प्रदेश में सर्वाधिक चार बार मुख्यमंत्री रहने का गौरव मोहन लाल सुखाड़िया के नाम हैं जिन्होंने 13 नवंबर 1954 से आठ जुलाई 1971 तक 17 वर्ष राजस्थान के मुख्यमंत्री रहे।

## सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के दोनों शूटर चंडीगढ़ से अरेस्ट

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में हुए श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के दोनों शूटरों को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने इस मामले के मुख्य आरोपी रोहित राठौड़ और नितिन फौजी को चंडीगढ़ से पकड़ा हैं ।दोनों आरोपियों को जयपुर लाया गया है और पूछताछ की जा रही हैं। इस मामले में गठित एसआईटी के बाद राजस्थान पुलिस ने इस मामले में आरोपियों को 72 घंटों में पकड़ने का आश्वासन दिया था और शीघ्र पकड़ भी लिया। आरोपियों को पकड़ने में राजस्थान पुलिस की दिल्ली और चंडीगढ़ पुलिस ने मदद की ।घटना के बाद दोनों आरोपी बस से डीडवाना पहुंचे और फिर टैक्सी के जरिए सुजानगढ़ पहुंचकर बस पकड़कर हिसार पहुंचे और इसके बाद चंडीगढ़ में छिपे हुए थे। ल्लेखनीय इन दोनों आरोपियों की जयपुर में मदद करने वाले आरोपी रामवीर जाट को



शनिवार को हरियाणा के महेंद्रगढ़ से गिरफ्तार किया गया था ।उल्लेखनीय है कि गत पांच दिसंबर को श्री गोगामेड़ी की उनके घर में दाखिल होकर गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड में बदमाशों के साथ आया नवीन शेखावत भी मारा गया जबकि तीन अन्य घायल हो गए ।गोगामेड़ी हत्याकांड में एक सहयोगी को हरियाणा से दबोचा। राजस्थान की राजधानी जयपुर में हुए श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के मामले में आरोपी एवं एक साजिशकर्ता को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार इस आरोपी को हरियाणा के महेंद्रगढ़ से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम रामवीर जाट बताया जा रहा है। रामवीर ने गोगामेड़ी हत्याकांड के शूटर नितिन फौजी को जयपुर ठहराने और श्री गोगामेड़ी की हत्या के बाद उन्हें मोटरसाइकिल से मदद कर बस में बैठाकर फरार कराने में सहायता की थी।

## दिल्ली के वसंत कुंज से लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो सदस्य अरेस्ट

नई दिल्ली। दिल्ली के वसंत कुंज के पास संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दिल्ली पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

दिल्ली पुलिस ने दावा किया कि दोनों की पहचान हरियाणा के मूल निवासी अनीश ;23 और 15 वर्षीय किशोर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि ये दोनो जबरन वसूली के लिए दक्षिण दिल्ली इलाके में एक प्रसिद्ध पांच सितारा होटल के पास गोलीबारी करने जा रहे थे।

पुलिस के मुताबिक हमलावरों ने पुलिस टीम पर कथित तौर पर कुल पांच राउंड



गोलियां चलाईं जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने दो राउंड गोलियां चलाईं और उन्हें पकड़ लिया। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। जांच के दौरान सामने आया कि अनीश कथित तौर पर रोहतक जिले में सशस्त्र डकैती, शस्त्र अधिनियम और हमले के छह आपराधिक मामलों में शामिल था। पुलिस ने दावा किया कि किशोर पहले भी इसी इलाके में एक सशस्त्र डकैती मामले में कथित तौर पर शामिल था।

# कांग्रेस सांसद धीरज साहू के रेडियम रोड स्थित आवास पर आईटी की रेड

रांची। झारखंड से कांग्रेस सांसद धीरज साहू के रेडियम रोड रांची स्थित आवास पर शनिवार को भी आईटी की टीम ने रेड की है। आईटी सूत्रों ने आज बताया कि छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने नोटों से भरे दो बड़े बैग जब्त किये हैं। साहू के रेडियम रोड स्थित आवास पर ओड़िशा से रजिस्टर्ड नंबर वाली गाड़ी भी मौजूद है। छापेमारी रांची सहित ओड़िशा के ठिकानों पर भी जारी है।इनकम टैक्स की टीम के साथ सीआईएसएफके जवान भी मौजूद रहे। धीरज साहू के बड़े भाई शिवप्रसाद साहू रांची के कांग्रेस सांसद थे और उनके एक भाई गोपाल साहू भी पिछली बार हजारीबाग से चुनाव लड़े थे।



## झांसी में भाजपाइयों ने कांग्रेस के सांसद धीरज साहू का फूंका पुतला

झांसी। उत्तर प्रदेश के झांसी में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आज झारखंड से कांग्रेस के सांसद धीरज साहू का पुतला फूंका और ऐसे भ्रष्टाचारियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई होने की मांग की।भाजपा नेता और शिक्षक एमएलसी बाबूलाल तिवारी के नेतृत्व में आज भाइपाई बड़ी संख्या महानगर के इलाइट चौराहे पर एकत्र हुए और कांग्रेसी सांसद का पुतला फूंका। इस दौरान कांग्रेस और भ्रष्टाचार के खिलाफजमकर नारेबाजी भी की गयी।तिवारी ने कहा कि कांग्रेस के सांसद धीरज साहू के घर भ्रष्टाचार का इतना पैसा मिला है कि उसे देख पूरा देश चकाचौंध रह गया है। जो लोग ईमानदारी की बातें करते हैंए प्यार की दुकान खोलने की बातें करते हैंए उनके घरों में इतनी बड़ी मात्रा में भ्रष्टाचार को पैसा मिला रहा हैए इससे पूरे देश में शोभ व्याप्त है। इनका विरोध होना चाहिए। ऐसे लोग जिन्होंने गरीब की गाढ़ी कमाई को अपनी तिजारियों में बंद करके रखा हैए उसका विरोध करने के लिए आज भाजपा आगे आयी है। आज हम सभी लोग ऐसे भ्रष्टाचारियों का विरोध कर रहे हैं और केंद्र सरकार से मांग कर रहे हैं कि जिन्होंने इतना पैसा तिजोरियों में बंद करके विकास को रोकने का काम किया हैए उनके खिलाफकार्रवाई होनी चाहिएए भ्रष्टाचार का मामला चलाया जाना चाहिए।उन्होंने कहा सवाल उठता है कि जब एक व्यक्ति के पास इतना पैसा निकल सकता है तो फिर इस पार्टी से जुड़े दूसरे सफेदपोशों के पास कितना पैसा होगा। पैसे के इस अकूत भंडार को देखकर तो यही कहा जा सकता है कि देश के विकास में सबसे बड़ी बाधा कांग्रेस पार्टी ही थी जिसने जनता की गाढ़ी कमाई को इस तरह से तिजोरियों में बंद करके रख दिया। यह सोचना भी कठिन है कि इस पैसे से न जाने कितने गरीब, बेरोजगारों, किसानों, मजदूरों, देश और विकास को कितनी ऊंचाई मिल सकती थी जिसे कांग्रेस के एक सांसद ने तिजोरी में बंद कर दिया।

## आखिर सांसद धीरज साहू किसके एटीएम हैं - भाजपा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को कांग्रेस को भ्रष्टाचार का एटीएम बताया और कहा कि कांग्रेस नेताओं के यहां बड़े काम करने की बजाय बड़े नोट भरने और उसे साहूकारिता बताने की परंपरा जारी है। केंद्रीय मंत्री और भाजपा की वरिष्ठ नेता मीनाक्षी लेखी ने झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से मिले लगभग 300 करोड़ रुपए बरामद होने के मामले में पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आज एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने साहू के घर से मिली नकदी की फोटो दिखाते हुए कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की एटीएम करार दिया और पूछा कि धीरज साहू किसके एटीएम हैं मीडिया रिपोर्ट के अनुसार साहू से जुड़े व्यापारिक समूह के ठिकानों पर झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में तीन दिनों से जारी आयकर विभाग की छापेमारी में अब तक 300 करोड़ रुपए से अधिक की नकद राशि बरामद हुई है। इस छापे में देश में कानूनी तरीके से जब्त की जानेवाली सबसे बड़ी नकदी होने का अनुमान है।

लेखी ने कहा कि आमतौर पर घर के बड़े.बुजुर्ग सिखाते हैं कि कुछ बड़ा काम करोए लेकिन कांग्रेस के बड़े सिखाते हैं कि घर में बड़े नोट भरो और बड़े नोट भरने का कार्यक्रम अब भी जारी है। जितने भी भ्रष्टाचारी अब तक पकड़े गए हैंए उनमें सबसे ज्यादा नकदी साहू के यहां से बरामद हुई है। इसका आंकड़ा 300 करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है। जब जनता की मेहनत की गाढ़ी कमाई के 300 करोड़ रुपए एक व्यक्ति के यहां से बरामद होते हैं तो जनता को बहुत गुस्सा आता है।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेसियों ने पीढ़ी दर पीढ़ी भ्रष्टाचार फैलाया है। महात्मा गांधी की फोटो छापकर और गांधीजी का नाम रखकर ये भ्रष्ट नेता नोटों से अपना खाता भरते हैं। यही सिलसिला धीरज साहू के मामले में जारी है। कांग्रेस के



राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने अपनी साहूकारिता का परिचय देते हुए दिखाया है कि कांग्रेस के साहूकार कैसे होते हैं। एक व्यक्ति के 10 ठिकानों पर छापामारी हुई और 300 करोड़ रुपए बरामद हुए और अभी भी गिनती जारी है।उन्होंने पूछा कि यदि कांग्रेस के एक नेता के यहां से 300 करोड़ बरामद हुए हैं तो सोचिए अगर कांग्रेस के सभी भ्रष्टाचारी नेताओं को एक जगह इकड्डा कर दिया जाए तो कितनी नकदी बरामद होगी।

लेखी ने केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि अधिकारियों ने इस छापे को पूरी तरह से गोपनीय रखाए इसीलिए ये संभव हो पाया। इस छापेमारी में बोलांगीर से 30 किलोमीटर दूर स्थित कार्यालय से ये करोड़ों रुपए बरामद हुए। साहू ने दो बार लोकसभा का चुनाव लड़ा लेकिन दोनों बार हार गए। इसके बाद भी कांग्रेस ने उन्हें रा'यसभा सांसद बनाया।इस मामले पर सोनिया गांधीए राहुल गांधीए प्रियंका गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे चुप्पी साधे बैठे हैं। इनके मुंह में दही जम गया है। अगर कांग्रेस परिवार की पीढ़ियों की बात की जाए तो उनकी नींव ही भ्रष्टाचार पर रखी गई है। जब राहुल गांधी कहते हैं कि उनका खून पानी से गाढ़ा है तो वह फर्जी कॉन्ट्रैक्ट्स प्रयोग की जा रही स्याही की बात कर रहे होते हैं। आम जनता पैसों की गिनती दसए सौए हजार लाख और फिर करोड़ में करती है क्योंकि आम जनता इतनी बड़ी रकम गिनने की आदी नहीं है। कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व भ्रष्टाचार और घोटालों को एटीएम की तरह प्रयोग करता है। धीरज साहू आखिर किसका एटीएम थे।

वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि पैसे गिनने वाली मशीन को भी इतने नोट गिनने की आदत नहीं है। कांग्रेस का भ्रष्टाचार कभी भी खत्म नहीं हो सकता और कांग्रेस हमेशा भ्रष्टाचार के नए.नए रिकॉर्ड बनाते रहेगी लेकिन इस तरीके के रिकॉर्ड की किसी को उम्मीद भी नहीं थी। कांग्रेस ही यह रिकॉर्ड बना सकती है। भ्रष्टाचार का सिलसिला यही लोग चला सकते हैं क्योंकि एक कहावत है कि जब आपके पास खामियां हो सकती हैं तो ईमानदारी की जरूरत किसे है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता अनुबंधों में हेरफेर करने और भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल होने के लिए लगातार सिस्टम में मौजूद कमियां खोजते रहते हैं।

यह घमंडिया गठबंधन के लिए कांग्रेस निवास पर आगामी क्रिसमस रात्रिभोज में परिलक्षित होता है जहां उनसे भ्रष्ट प्रथाओं के माध्यम से व्यक्तिगत लाभ के लिए खामियों का फायदा उठाने के तरीकों का पता लगाने की उम्मीद की जाती है।

## कोटा में 10वीं कक्षा की छात्रा ने की आत्महत्या

कोटा। राजस्थान में कोटा के कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र में एक 15 वर्षीय स्कूली छात्रा ने फांसी का फंदा लगाकर लगाकर आत्महत्या कर ली।पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र के बापू नगर आवासीय कॉलोनी में रहने वाली छात्रा निकिता कोली ;15 एक निजी विद्यालय में दसवीं कक्षा में पढ़ती है। शुक्रवार की दोपहर वह स्कूल से घर लौटने के बाद मकान के अपने कमरे में चली गई और उसे अंदर से बंद कर लिया।काफी देर तक नहीं निकलने के पर घर वालों के खटखटाने पर भी दरवाजा नहीं खोला तो बाद में सूचना मिलने पर मौके पहुंचे अन्य लोगों ने दरवाजा तोड़कर भीतर प्रवेश किया जहां छात्रा निकिता फांसी के फंदे से लटकी मिली।मृतक छात्रा के शव को शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने परिजनों के हवाले कर दिया है। अभी आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस को छात्रा के पास से सूसाइड़ नोट भी नहीं मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## उदयपुर में स्पाइस कोर्ट रेस्टोरेंट का शुभारंभ

उदयपुर। राजस्थान में झीलों की नगरी उदयपुर में पद्मिनी बाग रिसॉर्ट बाय इनवेनट्रीज़ में स्पाइस कोर्ट रेस्टोरेंट का शुभारंभ किया गया।पद्मिनी बाग रिसॉर्ट इनवेनट्रीज़ होटल्स के सुदीप्ता देव एवं पद्मिनी बाग रिसॉर्ट उदयपुर के डॉ. पृथ्वीराज चौहान ने इस अवसर पर पत्रकारों को बताया कि देबारी में उदयपुर एयरपोर्ट से मात्र 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पद्मिनी बाग रिसॉर्ट विस्तृत क्षेत्र में फैला हुआ उत्कृष्ट रिसॉर्ट है जो कि एक शांति से भरपूरए आरामदायक जगह का वादा पूरा करता है।

उन्होंने बताया कि यह हिल साइड रिसॉर्ट उत्तम सौंदर्य को अनूठे क्षेत्रीय आकर्षण के साथ मिलाकर प्रस्तुत करता है और यह अनूठापन एवं गरिमा इसके द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं से लेकर भोजन व्यंजनए परम्पराओं सभी चीजों में झलकती है जो मिलकर एक शानदार अनुभव प्रदान करते हैं।


## कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक ही सिक्के के दो पहलू -सीपी जोशी

जयपुर। राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक ही सिक्के के दो पहलू है और यह उसका पतन का कारण बनता जा रहा है।जोशी ने शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने झारखंड में कांग्रेस के सांसद धीरज साहू के आवास पर मिले करोड़ों रुपए का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान में पैसों का ढेर लगा हैं और साहू के आवास पर मिले करोड़ों रुपए इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि नोटों का ऐसा जखीरा मिला है कि नोट गिनने वाली मशीन भी नोट गिनते गिनते खराब हो गई और थैले कम पड़ जाने पर नोटों को बोरों में भरकर ले जाना पड़ा है। यह है कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान।उन्होंने कांग्रेस का मतलब भ्रष्टाचार बताते हुए कहा कि ये गरीबों का हित मारकर



अपना घर भर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कथन की याद दिलाते हुए कहा कि जनता से लूटी गई एक एक पाई लौटानी होगी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस का भ्रष्टाचार का इतिहास रहा है और जब एक सांसद के पास इतना पैसा मिला है तो आजादी से लेकर अब तक बाकी लोगों ने किस तरह जनता को लूटा होगाए यह साहू का जीता जागता उदाहरण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ लूट के अलावा और कोई काम नहीं किया है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस और अन्य पार्टियों के गठबंधन को घमंडिया गठबंधन बताते हुए कहा कि यह जिस मानसिकता के लोगों का गठबंधन है उसमें चाहे क्षेत्रीय दल हो कांग्रेस सिर्फ भ्रष्टाचार के अलावा कोई काम नहीं किया है और इनका काला इतिहास और काला सच सामने आ चुका है। उन्होंने निवर्तमान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी लोकेश के बयानों का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने कहा भी है कि इन्होंने पांच साल में जो पाप किया है उसे छिपाया गया है और कांग्रेस की हार के पीछे यह एक प्रमुख कारण है।

# दौसा में शादी समारोह के दौरान मासूम बालिका से दरिंदगी



दौसा। राजस्थान में दौसा शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस ने शादी समारोह के दौरान 6 साल की मासूम को अकेला पाकर दरिंदगी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया।जिला पुलिस अधीक्षक वन्दिता राणा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अनिल कुमार मीना ;28 गांव बाढ़ रसूलपुरा थाना आंधी जिला जयपुर हाल मधुर विहार कॉलोनी सैंथल रोड थाना कोतवाली का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि गत 7 दिसंबर को थाना क्षेत्र में एक मैरिज गार्डन में शादी का कार्यक्रम था। वर वधु दोनों पक्ष के लोग कार्यक्रम में व्यस्त थे। परिवादी की तीन छोटी बच्चियों को नींद आने की वजह से उन्होंने उन्हें हॉल में सुला दिया।रात करीब 11 बजे बच्चियों की मां एवं दादी उन्हें लेने गई। दोनों ने एक.एक बच्ची को गोद में ले लिया। बाहर उनकी गाड़ी खड़ी थी तीसरी बड़ी बच्ची को साथ ले जाने के लिए शादी में मौजूद लोगों से सहायता पाने के लिए इधर.उधर देख रही थीए तभी आरोपी ने कहा कि आप चलो मैं बच्ची को लाता हूं। अंदर जाकर बच्ची को अकेला पाकर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के चिल्लाने पर उसे चुप करा बाहर पिकअप गाड़ी में इंतजार कर रही मां एवं दादी को बच्ची को सुपुर्द कर होटल मैनेजर और अन्य से बात करते हुए घूमते हुए पैदल.पैदल अपने घर चला गया। आरोपी द्वारा इस घटना को बड़े ही शातिराना तरीके से अंजाम दिया गया।

पुलिस द्वारा गठित एसआईटी द्वारा वर.वधु पक्ष के करीब 300 लोगों तथा होटल के कर्मचारीए कैटरिंग का काम करने वाले लोगोंए आसपास के पड़ोसी और सन्दिग्ध करीब 200 लोगों से पूछताछ की गई। घटनाएं स्थल के आसपास एवं शहर के करीब 150 सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग शादी समारोह में आए फोटोग्राफर एवं वीडियोग्राफर से पूछताछ कर करीब 800.900 फोटोग्राफतथा चार घंटे की वीडियो ग्राफी का गहनता से विश्लेषण किया गया।पुलिस टीम ने प्राप्त तथ्यों एवं साक्ष्यों का संकलन कर संदिग्ध अनिल कुमार को डिटेन कर गहनता से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। जिसे बापर्दा गिरफ्तार किया गया है।

## सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर अरबों रुपए मिलने के विरोध में भाजपा का जयपुर में प्रदर्शन

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने शनिवार को झारखंड के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से 300 करोड़ से अधिक कैश और तीन बैग ज्वेलरी मिलने के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया।प्रदेश भाजपा की ओर से शनिवार को भाजपा मुख्यालय स्थित चौमूं हाउस सर्किल पर यह प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने सर्किल पर पुतला दहन कर विरोध जताया।इस दौरान प्रदेश में पार्टी के चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक और पूर्व सांसद नारायण पंचारिया, मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफए सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्माए विधायक बालमुकुंद आचार्य एवं भजनलालए जयपुर शहर जिलाध्यक्ष राघव शर्मा और आदर्श नगर से भाजपा प्रत्याशी रहे रवि नय्यर समेत अन्य नेता मौजूद रहें।गोपाल शर्मा के नेतृत्व में 22 गोदाम से कार्यकर्ता चौमूं हाउस सर्किल पैदल मार्च करते हुए पहुंचे। इस अवसर पर गोपाल शर्मा ने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को भ्रष्टाचार से मुक्त करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेसए क्षेत्रीय दल भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाएंगेए वे जेल की हवा भी खाएंगे और उसे पाई.पाई का हिसाब भी देना पड़ेगा।उन्होंने कहा कि प्रदेश में बीते पांच वर्षों तक शासन कर चुकी गहलोत सरकार में जमकर भ्रष्टाचार हुआ हैं। देश में जहां.जहां कांग्रेस का शासन हैए वहां भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुका हैं। यह घटना जहा करोड़ों रुपए की बरामदगी यह दर्शाती है कि किस प्रकार कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।

## नवनिर्वाचित विधायक बालमुकुंद आचार्य के खिलाफ मामला दर्ज

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर के हवामहल विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक स्वामी बालमुकुंद आचार्य के खिलाफजमीन का अवैध कब्जा का प्रयास एवं मारपीट करने का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार करधनी थाना क्षेत्र के सूरजमल रैगर की शिकायत पर अदालत के इस्तगासे के जरिए करधनी थाने में विधायक बालमुकंद आचार्य एवं एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया हैं। रैगर ने बालमुकुंद आचार्य और पुरुषोत्तम शर्मा के विरुद्ध अवैध कब्जा करने का प्रयास और मारपीट करने का आरोप लगाया है। शिकायत पर थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं करने पर उसने अदालत की शरण ली।

## राजस्थान विधानसभा की करनपुर सीट का 5 जनवरी को होगा चुनाव

जयपुर। निर्वाचन आयोग ने राजस्थान विधानसभा के करनपुर निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव शुक्रवार पांच जनवरी 2024 को कराने की घोषणा की है। आयोग की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार करनपुर निर्वाचन क्षेत्र के लिए अधिसूचना 12 दिसंबर को जारी की जाएगी और नामांकन पत्र 19 दिसंबर गुरुवार तक जारी किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 20 दिसंबर को की जाएगी और नामांकन पत्र 22 दिसंबर तक वापस लिए जा सकेंगे। आयोग ने कहा है कि इस सीट पर पांच जनवरी को कराए जाने वाले मतदान की मतगणना आठ जनवरी 2024 सोमवार को कराई जाएगी और 10 जनवरी तक चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। करनपुर सीट के कांग्रेस प्रत्याशी के निधन के कारण वहां चुनाव स्थगित कर दिया गया था।

# जिम्बाब्वे के कप्तान सिंकदर रजा पर दो मैच की पाबंदी



दुबाई। आयरलैंड के खिलाफ मैच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिसंघ आईसीसी की आचार संहिता की लेवल.1 का उल्लंघन के दोषी पाए जाने जिम्बाब्वे के कप्तान सिंकदर राजा पर दो मैचों का प्रतिबंध लगाया गया है।

जिम्बाब्वे और आयरलैंड के बीच गुरुवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में हुए पहले टी20 मैच मे रजा के अलावा आयरलैंड के खिलाड़ी कर्टिस केम्फर और जोस लिटिल को भी आईसीसी की आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया थाए इसलिए उन दोनो पर भी दो मैच खेलने पर पाबंदी लगाई गई है।जिम्बाब्वे के कप्तान रजा पर उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और दो डिमेरिट अंक दिए गए हैए जिसका अर्थ है कि उनके नवीनतम उल्लंघन के बाद 24 महीने की अवधि के भीतर उनके संचित डिमेरिट अंक चार तक पहुंचने के बाद उन्हें मौजूदा तीन मैचों की श्रृंखला के शेष दो मैचों के लिए निलंबित कर दिया गया है।

आईसीसी ने एक बयान में कहा कि इन तीनों को आईसीसी आचार संहिता की लेवल.1 का उल्लंघन करते पाया गयाए जो खेल की भावना के विपरीत आचरण से संबंधित है। कप्तान रजा के हरफनमौला खेल की बदौलत जिम्बाब्वे ने यह मैच एक विकेट से जीत लिया था।आईसीसी ने बयान जारी कर कहा कि कैंपर और लिटिल पर उनकी मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और प्रत्येक को एक डिमेरिट अंक प्राप्त हुआ हैए जो 24 महीने के भीतर एक मैच खेलने से वंचित रहेंगे।

कैंपर और लिटिल ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है और आईसीसी मैच रेफ्री के एमिरेट्स एलीट पैनल के एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित मंजूरी को स्वीकार कर लिया और इस तरह से अब औपचारिक सुनवाई की कोई जरुरत नहीं रही।सिकंदर रजा ने भी अपनी गलती मान ली हैए लेकिन पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार नहीं किया है। इस मामले में शुक्रवार को औपचारिक सुनवाई में मंजूरी की पुष्टि की गई। रजा ने कहा कि कैम्फर और लिटिल ने उस पर हमला करने के उद्देश्य से अपना बल्ला दिखाने और अंपायर को दूरी बनाने को बोला था। जिन्होंने स्थिति को शांत करने की कोशिश की थी।

मैदानी अंपायर फोर्स्टर मुतिज़्वा और इकोनो चाबीए तीसरे अंपायर लैंगटन रूसेरे और चौथे अधिकारी क्रिस्टोफर फिरी ने आरोप लगाए। आईसीसी की आचार संहिता की लेवल 1 के उल्लंघनों में न्यूनतम जुर्माना आधिकारिक फटकारए अधिकतम जुर्माना खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत और एक या दो डिमेरिट अंक काटने होते हैं। रजा की अनुपस्थिति में शनिवार और रविवार को आयरलैंड के खिलाफबाकी दो टी20 मैचों के लिए सीन विलियम्स को जिम्बाब्वे के कप्तान होंगे। कैंपर और लिटिल पर उनकी संबंधित मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और प्रत्येक को एक डिमेरिट अंक प्राप्त हुआ है। क्योंकि 24 महीने के भीतर यह उनका पहला अपराध है।

# New Hyundai Creta Facelift Reveal, Launch, Bookings And Delivery Timeline



Hyundai have sent us a 'block your date' invitation for an event scheduled for January 16, 2024. While the invitation doesn't specify the nature of the event, various media reports suggest Hyundai could reveal the new Creta facelift on this day. In this article, we take a look at the probable launch timeline of the Hyundai Creta facelift as well as when Hyundai India could commence bookings and deliveries for the upcoming SUV.

Hyundai Likely To Reveal Creta Facelift On January 16

Various media reports suggest Hyundai could unveil the much-awaited Creta facelift on January 16. While there is no official confirmation from Hyundai India yet, we expect the carmaker to release teaser images and videos of the Creta facelift in the last week of December or first week of January. We expect Hyundai to announce the Creta facelift's starting price as well as its powertrain option on January 16 to generate interest among new car buyers as well as entice those who have been delaying their purchase for the arrival of the updated model. Various spy shots of the Creta facelift have emerged online over the past year, giving us a glimpse of the updated SUV. The 2024 Creta facelift is expected to feature a revised front fascia inspired by the new Tucson facelift featuring a redesigned front grille flanked by revised LED headlamps and LED DRLs. The side profile is likely to remain largely the same, save for new ally wheel designs. At the rear, the Creta facelift is expected to receive revamped LED taillights with an H-pattern and a new bumper.2024 Creta Facelift Bookings Timeline

Based on the launch pattern of the last updated model Hyundai launched in India – the i20 – we could expect the carmaker to open bookings for the Creta facelift a week after the official reveal of the SUV. Hence, we could expect Hyundai Creta facelift bookings to open in the fourth week of January 2024.Hyundai Creta Facelift Launch Timeline. As was the case with the i20 facelift, we expect the carmaker to launch the Creta facelift 2 weeks after the official reveal of the SUV. Hence, it is possible that Hyundai could launch the Creta facelift in the last week of January 2024. Expect Hyundai to announce the full list of variants and their prices in the same week.

Creta Facelift Deliveries Timeline Based on Hyundai's launch, bookings and deliveries pattern over the last year, we expect Hyundai dealers to commence Creta facelift deliveries in mid-February 2024. It is worth noting that the Creta is a hot-seller for Hyundai India and at the peak of its demand, the pre-facelift model commanded a waiting period of 20 to 34 weeks, depending on the variant. Expect the Creta facelift's waiting period to extend into several weeks after the first lot of customers who have pre-booked the SUV take possession of their SUVs. Currently, the Hyundai Creta is priced from Rs. 10.87 lakh - Rs. 19.20 lakh. The Hyundai Creta facelift could get a significant hike in prices due to feature additions, rising input costs and inflation. Meanwhile, Hyundai India have already announced a price hike across their model range, which will come into effect on January 1, 2024. You can learn more about the upcoming Hyundai car price hike by tapping the link below.

# राजस्थान लोकसेवा आयोग मनाएगा प्लेटिनम जुबली वर्ष

अजमेर। राजस्थान लोकसेवा आयोग इस वर्ष अपनी स्थापना को प्लेटिनम जुबली वर्ष के रूप में मनाएगा।22 दिसंबर 2023 को आयोग की स्थापना के 75 साल पूरे होंगे। आयोग की ओर से फिलहाल स्थापना कार्यक्रम को साझा नहीं किया गया है। लेकिन सूत्र बताते है कि आयोग के स्थापना दिवस की तैयारी चल रही है। आयोग प्रबंधन नई सरकार के गठन और मुख्यमंत्री के नाम को सार्वजनिक किए जाने का इंतजार कर रहे हैं।बताया जा रहा है कि आयोग की स्थापना पहले जयपुर में वर्ष 1949 में की गई थी और आगे चलकर अजमेर में आयोग मुख्यालय किया गया। तब से आज तक आयोग मुख्यालय अजमेर से संचालित है और विभिन्न परीक्षाओं का संचालन कर रा'य को प्रशासनिकए पुलिस एवं अन्य विभागों.संस्थानों के लिए अधिकारी .कार्मिकों के चयन का काम कर रहा है। वर्तमान में आयोग अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय के साथ सात सदस्यों का फुल कमिशन काम कर रहा है।

## केक काटकर सोनिया गांधी का जन्मदिवस मनाया

अजमेर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिवस अजमेर शहर कांग्रेस कमेटी ने केक काटकर मनाया। सोनिया गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर अजमेर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा बाबू मोहल्लाए केसर गंज स्थित शहर कांग्रेस कार्यालय में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने केक काटा व कांग्रेसजनों ने सोनिया गांधी के उत्तम स्वास्थ्यए दीर्घायु और उत्कृष्ट सार्वजनिक जीवन की कामना की। उन्हें शहर कांग्रेस कमेटी अजमेर की ओर से बधाई संदेश प्रेषित किया।

## अजमेर डेयरी प्रबंध संचालक बागडी को दी पदोन्नति

अजमेर। राजस्थान में अजमेर डेयरी के प्रबंध संचालक मदनलाल बागड़ी को राजस्थान कोआपरेटिव डेयरी फैडरेशन ने पदोन्नति प्रदान करते हुए महाप्रबंधक बनाया है। अजमेर डेयरी में आज अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने महाप्रबंधक पद पर पदोन्नति होने पर बागड़ी का हार्दिक स्वागत किया।अजमेर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ में एनपीडीडी योजनान्तर्गत स्वचालित दुग्ध माप यंत्र वितरित की गई। वर्ष 2022.23 में आटोमेटिक मिल्क क्लैक्शन यूनिट मय मिल्क एनेलाइजर दिए गए एवं सचिव एवं सहसचिव हेल्पर को प्रशिक्षण दिया गया।वितरित किए गए स्वचालित दुग्ध माप मशीन की कीमत प्रति मशीन की राशि 148300 रूपए है जिसमें 60 प्रतिशत भारत सरकार का अंशदान एवं 40 प्रतिशत राशि सम्बन्धित समितियों द्वारा वहन की जाएगी। आज दूसरे दिन करीब 42 दुग्ध समितियों 62ण्29 लाख के उपकरण वितरित किए गए।

## अजमेर में लोक अदालत में 140898 मामलों का निस्तारण

अजमेर। राजस्थान के अजमेर में वर्ष.2023 की अन्तिम एवं चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत सफ्लतापूर्वक आयोजित हुईए जिसमें 140898 मामलों का निस्तारण किया गया। अजमेर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रामलाल जाट ने बताया कि अजमेर जिले में सस्ताए सुलभ एवं शीघ्र न्याय के लिए राष्ट्रीय तथा राजस्थान विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 165492 प्रकरण रखे गए ए इनमें से 140898 मामलों का निस्तारण किया गया। उन्होंने बताया कि इस निस्तारण के तहत 340850359 रूपए के अवार्ड पारित किए गए। इससे पहले सुबह अजमेर की जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष प्राधिकरण संगीता शर्मा ने राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया।

**समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें**

मो. +91 98879087277, 7737385114

Email ID

sabgurunews@gmail.com

अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.

जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.

# राजस्थान विधानसभा चुनाव में जीतने वाले प्रत्याशियों की सूची

जयपुर। राजस्थान विधानसभा आम चुनाव.2023 के चुनाव में 200 सीटों वाली 16वीं विधानसभा के लिए 199 सीटों पर गत 25 नवंबर को मतदान हुआ। करणपुर से कांग्रेस प्रत्याशी के निधन के कारण वहां चुनाव स्थगित कर दिया गया था। भारतीय जनता पार्टी ने 115, कांग्रेस 69, भारतीय आदिवासी पार्टी 3, बहुजन समाज पार्टी 2, राष्ट्रीय लोकदल 1, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी 1 तथा निर्दलीय 8 सीटों पर जीत हासिल हुई। जीतने वाले उम्मीदवारों की सूची इस प्रकार हैं।

| विधानसभा सीट-जीतने वाले प्रत्याशी का नाम-पार्टी | | |
|---|---|---|
| सादुलशहर | - गुरवीर सिंह | -भाजपा |
| गंगानगर | - जयदीप बिहाणी | - भाजपा |
| सूरतगढ | .- डूंगरराम गेदर | -कांग्रेस |
| रायसिंह नगर | -सोहन लाल नायक | -कांग्रेस |
| अनूपगढ़ | - शिमला देवी | -कांग्रेस |
| संगरिया | - अभिमन्यु | - कांग्रेस |
| हनुमानगढ़ | -गणेशराज बंसल | -निर्दलीय |
| पीलीबंगा | - विनोद कुमार | -कांग्रेस |
| नोहर | -अमित चाचान | - कांग्रेस |
| भादरा | -संजीव कुमार | - भाजपा |
| खाजूवाला | - डॉ विश्वनाथ मेघवाल | -भाजपा |
| बीकानेर पश्चिम | -जेठानंद व्यास | -भाजपा |
| बीकानेर पूर्व | - सिद्धि कुमारी | -भाजपा |
| कोलायत | -अंशुमान सिंह भाटी | -भाजपा |
| लूणकरनसर | -सुमित गोदारा | -भाजपा |
| श्रीडूंगरगढ | .-ताराचन्द - | भाजपा |
| नोखा | -सुशीला रामेश्वर डूडी - | कांग्रेस |
| सादुलपुर | -मनोज कुमार | -बसपा |
| तारानगर | -नरेन्द्र बुडानियां | -कांग्रेस |
| सरदारशहर | -अनिल कुमार शर्मा | -कांग्रेस |
| चूरू | -हरलाल सहारण | -भाजपा |
| रतनगढ़ | -पूसाराम गोदारा | -कांग्रेस |
| सुजानगढ़ | -मनोज कुमार | -कांग्रेस |
| पिलानी | -पितराम सिंह काला | -कांग्रेस |
| सूरजगढ़ | -श्रवण कुमार | -कांग्रेस |
| झुन्झुनूं | -बृजेन्द्र सिंह ओला | -कांग्रेस |
| मंडावा | -कुमारी रीटा चौधरी | -कांग्रेस |
| नवलगढ़ | -विक्रम सिंह जाखल | -भाजपा |
| खेतड़ी | -धर्मपाल | -भाजपा |
| फ्तेहपुर | - हाकम अली खां | -कांग्रेस |
| लक्ष्मणगढ़ | -गोविन्द सिंह डोटासरा- | कांग्रेस |
| धोद | -गोरधन | -भाजपा |
| सीकर | -राजेन्द्र पारीक | -कांग्रेस |
| दांतारामगढ़ | -वीरेन्द्र सिंह | -कांग्रेस |
| खंडेला | -सुभाष मील | - भाजपा |
| नीम का थाना | -सुरेश मोदी | -कांग्रेस |
| श्रीमाधोपुर | -झाबर सिंह खर्रा | -भाजपा |
| कोटपूतली | -हंसराज पटेल | -भाजपा |
| विराटनगर | -कुलदीप | -भाजपा |
| शाहपुरा | -मनीष यादव | -कांग्रेस |
| चोमू | -डॉ. शिखा मील बराला - | कांग्रेस |
| फुलेरा | -विद्याधर सिंह | -भाजपा |
| दूदू - | डॉ.प्रेम चन्द बैरवा | -भाजपा |
| झोटवाड़ा | -कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ | - भाजपा |
| आमेर | -प्रशान्त शर्मा | -कांग्रेस |
| जमवारामगढ़ | -महेन्द्र पाल मीना | -भाजपा |
| हवा महल | -बालमुकुन्दाचार्य | -भाजपा |
| विद्याधरनगर | -दिया कुमारी | -भाजपा |
| सिविल लाईन्स | -गोपाल शमा | -भाजपा |
| किशन पोल | -अमीन कागजी | -कांग्रेस |
| आदर्श नगर | -रफीक खान | -कांग्रेस |
| मालवीय नगर | -कालीचरण सराफ | -भाजपा |
| सांगानेर | -भजन लाल शर्मा | -भाजपा |
| बगरू | -कैलाश चन्द वर्मा | -भाजपा |
| बस्सी | - लक्ष्मण | -कांग्रेस |
| चाकसू | -रामावतार बैरवा | -भाजपा |
| तिजारा | -महन्त बालकनाथ | -भाजपा |
| किशनगढ़ बास | -दीपचन्द खैरिया - | कांग्रेस |
| मुण्डावर | -ललित यादव | -कांग्रेस |
| बहरोड़ | - डॉ जसवन्त सिंह यादव | -भाजपा |
| बानसूर | -देवी सिंह शेखावत | -भाजपा |
| थानागाजी | -कान्ति प्रसाद | -कांग्रेस |
| अलवर ग्रामीण | -टीकाराम जूली | -कांग्रेस |
| अलवर शहर | -संजय शर्मा | -भाजपा |
| रामगढ़ | -जुबेर खान | -कांग्रेस |
| राजगढ़.लक्ष्मणगढ़ | -मांगेलाल मीना | -कांग्रेस |

| | | |
|---|---|---|
| कठूमर | -रमेश खींची | -भाजपा |
| कामा | -नौक्षम | -भाजपा |
| नगर | -जवाहरसिंह | -भाजपा |
| डीग.कुम्हेर | -डॉ. शैलेश सिंह | -भाजपा |
| भरतपुर | -डॉ सुभाष गर्ग | -राष्ट्रीय लोक दल |
| नदबई | -जगत सिंह | -भाजपा |
| वैर | -बहादुर सिंह | -भाजपा |
| बयाना | -डॉ. तु बनावत | -निर्दलीय |
| बसेड़ी | -संजय कुमार | -कांग्रेस |
| बाड़ी | - जसवंत सिंह गुर्जर | -बसपा |
| धौलपुर | -शोभारानी कुशवाह | -कांग्रेस |
| राजाखेड़ा | -रोहित बौहरा | -कांग्रेस |
| टोडाभीम | -घनश्याम | -कांग्रेस |
| हिन्डौन | -अनीता जाटव | -कांग्रेस |
| करौली | -दर्शन सिंह | -भाजपा |
| सपोटरा | -हंसराज मीणा | -भाजपा |
| बांदीकुई | -भागचन्द टांकड़ा | -भाजपा |
| महवा - | राजेन्द्र | -भाजपा |
| सिकराय | -विक्रम बंशीवाल | -भाजपा |
| दौसा | -मुरारी लाल मीना | -कांग्रेस |
| लालसोट | -रामबिलास | -भाजपा |
| गंगापुर | -रामकेश - | कांग्रेस |
| बामनवास | -इन्द्रा | -कांग्रेस |
| सवाई माधोपुर | -किरोड़ी लाल मीणा | -भाजपा |
| खण्डार | -जितेन्द्र कुमार गोठवाल | -भाजपा |
| मालपुरा | -कन्हैयालाल | -भाजपा |
| निवाई | -राम सहाय वर्मा रेगर | -भाजपा |
| टोंक | -सचिन पायलट | -कांग्रेस |
| देवलीउनियारा | -हरीश चन्द्र मीना | -कांग्रेस |
| किशनगढ़ | -विकास चौधरी | -कांग्रेस |
| पुष्कर | -सुरेश सिंह रावत | -भाजपा |
| अजमेर-उत्तर | -वासुदेव देवनानी | -भाजपा |
| अजमेर-दक्षिण | -अनिता भदेल | -भाजपा |
| नसीराबाद | -रामस्वरूप लाम्बा | -भाजपा |
| ब्यावर | -शंकरसिंह रावत | -भाजपा |
| मसूदा | -विरेन्द्र सिंह | -भाजपा |
| केकड़ी | -शत्रुघन गौतम | -भाजपा |
| लाडनूं- | -मुकेश भाकर | -कांग्रेस |
| डीडवाना | -यूनुस खान | -निर्दलीय |
| जायल | -डॉ.मंजू बाघमार | -भाजपा |
| नागौर | -हरेन्द्र मिर्धा | -कांग्रेस |
| खींवसर | -हनुमान बेनीवाल | -रालोपा |
| मेड़ता | -लक्ष्मण राम | -भाजपा |
| डेगाना | -अजय सिंह | -भाजपा |
| मकराना | -जाकिर हुसैन गैसावत | -कांग्रेस |
| परबतसर | -रामनिवास गावड़िया | -कांग्रेस |
| नावां | -विजय सिंह | -भाजपा |
| जैतारण | -अविनाश गहलोत | -भाजपा |
| सोजत | -शोभा चौहान | -भाजपा |
| पाली | -भीम राज भाटी | -कांग्रेस |
| मारवाड़ जंक्शन | -केसाराम चौधरी | -भाजपा |
| बाली | -पुष्पेन्द्र सिंह | -भाजपा |
| सुमेरपुर | -जोराराम कुमावत | -भाजपा |
| फ्लौदी | -पब्बाराम विश्नोई | -भाजपा |
| लोहावट | -गजेन्द्र सिंह | -भाजपा |
| शेरगढ़ | -बाबूसिंह राठौड़ | -भाजपा |
| ओसियां- | भैरा राम चौधरी | -भाजपा |
| भोपालगढ़ | -गीता बरवड़ | -कांग्रेस |
| सरदारपुरा - | अशोक गहलोत | -कांग्रेस |
| जोधपुर | -अतुल भंसाली | -भाजपा |
| सूरसागर | -देवेन्द्र जोशी | -भाजपा |
| लूणी | -जोगाराम पटेल | -भाजपा |
| बिलाड़ा | -अर्जुन लाल | -भाजपा |
| जैसलमेर | -छोटूसिंह | -भाजपा |
| पोकरण | -प्रताप पुरी | -भाजपा |
| शिव | -रविन्द्र सिंह भाटी | -निर्दलीय |
| बाड़मेर | -डॉ प्रियंका चौधरी | -निर्दलीय |

| | | |
|---|---|---|
| बायतू | -हरीश चौधरी | -कांग्रेस |
| पचपदरा | -अरूण चौधरी | -भाजपा |
| सिवाना | -हमीर सिंह भायल | -भाजपा |
| गुड़ा मालानी | -कृष्ण कुमार विश्नोई | -भाजपा |
| चौहटन | -आदू राम मेघवाल | -भाजपा |
| आहोर | -छगन सिंह राजपुरोहित | -भाजपा |
| जालोर | -जोगेश्वर गर्ग | -भाजपा |
| भीनमाल | - समरजीत सिंह | -कांग्रेस |
| सांचोर | -जीवाराम चौधरी | -निर्दलीय |
| रानीवाड़ा | -रतन देवासी | -कांग्रेस |
| सिरोही | -ओटा राम देवासी | -भाजपा |
| पिंडवाड़ा आबू | -समाराम | -भाजपा |
| रेवदर | -मोतीराम | -कांग्रेस |
| गोगून्दा | -प्रताप लाल भील | -भाजपा |
| झाड़ोल | -बाबूलाल खराड़ी | -भाजपा |
| खेरवाड़ा | -डॉ. दयाराम परमार | -कांग्रेस |
| उदयपुर ग्रामीण | -फूल सिंह मीणा | -भाजपा |
| उदयपुर | -ताराचन्द जैन - | -भाजपा |
| मावली | - पुष्कर लाल डांगी | -कांग्रेस |
| वल्लभ नगर | -उदयलाल डांगी | -भाजपा |
| सलूम्बर | -अमृतलाल मीणा | -भाजपा |
| धरियावद | -थावर चन्द. - | भाआपा |
| डूंगरपुर | -गणेश घोगरा- | कांग्रेस |
| आसपुर | -उमेश मीणा | -भाआपा |
| सागवाड़ा | -शंकरलाल डेचा | -भाजपा |
| चौरासी | -राजकुमार रोत | -भाआपार्टी |
| घाटोल | -नानालाल निनामा | -कांग्रेस |
| गढ़ी | -कैलाशचन्द्र मीणा | -भाजपा |
| बांसवाड़ा | -अर्जुनसिंह बामणीया | -कांग्रेस |
| बागीदोरा | -महेन्द्रजीत सिंह मालविया | -कांग्रेस |
| कुशलगढ- | -रमीला खड़ीया | -कांग्रेस |
| कपासन | -अर्जुन लाल जीनगर | -भाजपा |
| बेगूं | -डॉ. सुरेश धाकड़ | -भाजपा |
| चित्तौड़गढ़ | -चन्द्रभान सिंह आक्या- | निर्दलीय |
| निम्बाहेड़ा | -श्रीचन्द कृपलानी | -भाजपा |
| बड़ी सादड़ी- | गौतम कुमार | -भाजपा |
| प्रतापगढ़ | -हेमन्त मीणा | -भाजपा |
| भीम | -हरिसिंह रावत | -भाजपा |
| कुम्भलगढ़ | -सुरेंद्र सिंह राठौड़ | -भाजपा |
| राजसमन्द | -दीप्ति किरण माहेश्वरी | -भाजपा |
| नाथद्वारा | -विश्वराज सिंह मेवाड़ | -भाजपा |
| आसीन्द | -जब्बर सिंह सांखला- | भाजपा |
| माण्डल | -उदयलाल भडाणा | -भाजपा |
| सहाड़ा | -लादु लाल पितलिया | -भाजपा |
| भीलवाड़ा | -अशोक कुमार कोठारी | -निर्दलीय |
| शाहपुरा | -लालाराम बैरवा | -भाजपा |
| जहाजपुर | - गोपीचन्द मीणा | -भाजपा |
| माण्डलगढ | -गोपाल लाल शर्मा | -भाजपा |
| हिण्डोली | -अशोक - | कांग्रेस |
| केशोरायपाटन | -चुन्नीलालसीएल प्रेमी बैरवा | -कांग्रेस |
| बून्दी | -हरिमोहन शर्मा | -कांग्रेस |
| पीपल्दा- | चेतन पटेल कोलाना | -कांग्रेस |
| सांगोद | -हीरालाल नागर | -कांग्रेस |
| कोटा.उत्तर | -शान्ती धारीवाल | -कांग्रेस |
| कोटा.दक्षिण- | संदीप शर्मा | -भाजपा |
| लाडपुरा | -कल्पना देवी | -भाजपा |
| रामगंज मण्डी | -मदन दिलावर | -भाजपा |
| अंता | -कंवरलाल | -भाजपा |
| किशनगंज | -ललित मीना | -भाजपा |
| बारां.अटरु | -राधेश्याम बैरवा | -भाजपा |
| छबड़ा | -प्रताप सिंह सिंघवी | -भाजपा |
| डग | -कालूराम | -भाजपा |
| झालरापाटन | -वसुन्धरा राजे | -भाजपा |
| खानपुर- | सुरेश गुर्जर | -कांग्रेस |
| मनोहर थाना | -गोविन्द प्रसाद | -भाजपा |
| उदयपुरवाटी | -भगवानाराम सैनी | -कांग्रेस |

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277